Title: Need to setting up of a Central School in Parbhani Parliamentary Constituency, Maharahstra. − Laid.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : * अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र परबनी में केन्द्र सरकार का एक भी स्कूल नहीं है, जिसके कारण केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो विकास कार्य किया जा रहा है, उसका फायदा मेरे संसदीय क्षेत्र परबनी को नहीं मिल पा रहा है। यहां पर केन्द्रीय विद्यालय नही है जबकि यहां पर रेलवे एवं केन्द्र सरकार के कई कर्मचारी कार्यरत हैं और उनको अपने बच्चों के पठन-पाठन के कार्य में दिक्कत हो रही है क्योंकि उनका स्थानांतरण अन्य राज्यों में होता रहता है। शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने एवं केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों के पठन पाठन के लिए परबनी में एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना करना अति आवश्यक है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र परबनी में एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना शीघ्र की जाये।

---

* Laid on the Table .